न्यायालय श्री उपखण्ड अधिकारी, ओसियां

पीठासीन अधिकारी:—श्री रतनलाल रेगर आर.ए.एस.

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या:— 22 /2019

प्रार्थी:— रामस्वरूप बिश्नोई पुत्र श्री घम्मूराम, जाति विश्नोई निवासी भीमसागर, तहसील ओसियां, जिला जोधपुर।

बनाम

अप्रार्थी:—

1. भंवरलाल पुत्र श्री घम्मूराम
2. रामी पत्नी श्री घम्मूराम
   प्रफोर्मा पक्षकार
3. मालाराम पुत्र श्री बगताराम फौत के कायम मुकाम
   3/1 भाकरराम पुत्र श्री मालाराम
   3/2 सुखराम पुत्र श्री मालाराम
4. भुराराम पुत्र श्री जोराराम
5. गोकलराम पुत्र श्री जोराराम
6. चम्पालाल पुत्र श्री जोराराम
7. तुलछी पत्नी श्री बगडुराम
8. मांगीलाल पुत्र श्री बगडुराम
9. मदन पुत्र श्री बगडुराम ना.बा. वली माता श्रीमति तुलछी
10. बंशीलाल पुत्र श्री रामचन्द्र
11. बुधीप्रकाश पुत्र श्री रामचन्द्र
12. पुनाराम पुत्र श्री रामचन्द्र
13. हिरकन पुत्र श्री रामचन्द्र
14. हिरकन पुत्र श्री आदुराम
15. मगनाराम पुत्र श्री कानाराम
16. रिड़मलराम पुत्र श्री कानाराम
17. हरीराम पुत्र श्री कानाराम
18. सुनील पुत्र श्री बाबुराम
19. रामपाल पुत्र श्री बाबुराम
20. हड़मानराम पुत्र श्री बाबुराम
21. कानी पत्नी श्री कानाराम
22. मांगीलाल पुत्र श्री रामूराम
23. सोहनलाल पुत्र श्री रामूराम
24. भंवरलाल पुत्र श्री रामूराम

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 11:01:13 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner

25.मूमल पत्नी श्री रामुराम
26.किशनाराम पुत्र श्री बरसिंगाराम
27.बंशीलाल पुत्र श्री बरसिंगाराम
28.धायी पत्नी श्री बरसिंगाराम
29.बगडु पुत्र श्री अमलूराम
30.चेनाराम पुत्र श्री प्रहलादराम
31.जोराराम पुत्र श्री प्रहलादराम
32.संतोष पुत्र श्री बगडुराम
सभी जातियान विश्नोई निवासीगण भीमसागर
तहसील ओसियां, जिला जोधपुर
33.शाखा प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक शाखा ओसियां।
34.शाखा प्रबन्धक आईसीआईसीआई बैंक भीकमकोर।
35.राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार ओसियां।

उपस्थित–

प्रार्थी की ओर से :– अधिवक्ता श्री धन्नाराम बिश्नोई।
अप्रार्थी संख्या 1 से 34:– एकपक्षीय कार्यवाही।
अप्रार्थी संख्या 35 की ओर से :– सरकारी पैरोकार।

<u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम</u>

–::निर्णय::–

दिनांकः– 02.12.2019

प्रार्थी द्वारा एक राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया गया, जिसके संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है किः– प्रार्थी की संयुक्त खातेदारी भूमि ग्राम पीपासर नगर में खसरा नम्बर 194 रकबा 4 बिस्वा गै.मु. ढाणी, खसरा नम्बर 195 रकबा 36 बीघा 14 बिस्वा, खसरा नम्बर 201/5 रकबा 11 बिस्वा, खसरा नम्बर 218 रकबा 106 बीघा 7 बिस्वा, खसरा नम्बर 231/1 रकबा 16 बीघा 10 बिस्वा व ग्राम भीमसागर में खसरा नम्बर 351/2 रकबा 22 बीघा 01 बिस्वा भूमि आई हुई है। उपरोक्त भूमि पूर्व में प्रार्थी के पिता धर्मूराम ... राजस्व रेकर्ड में दर्ज थी। प्रार्थी के पिता के फौत होने पर ... दर्ज करते वक्त भूलवश सरूपाराम ... प्रार्थी का वास्तविक नाम रामस्वरूप है। चूंकि प्रार्थी को घर में लाड प्यार से सरूपाराम नाम से पुकारते थे इसलिए उक्त भूमि के राजस्व रेकर्ड में नाम इन्द्राज करते समय

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 11:01:13 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner

सरूपाराम दर्ज कर दिया गया। जबकि सही नाम आधार कार्ड, पेन पत्र, बैक पास बुक इत्यादि सभी में रामस्वरूप हैं। रामस्वरूप व सरूपाराम एक ही व्यक्ति के नाम है। प्रार्थी रामस्वरूप व अप्रार्थी संख्या 1 दोनों स्व. श्री घम्मूराम के पुत्र है तथा अप्रार्थी संख्या 2 इनकी माता है। अप्रार्थीगण संख्या 3 से 35 तक प्रार्थी व अप्रार्थी संख्या 1 व 2 के सह खातेदार है जिनकी भूमि अभी तक मौके पर सामलाती एवं अविभाजित होने से सभी सह खातेदारों को पक्षकार बनाया गया है परन्तु अप्रार्थी संख्या 3 से 35 से कोई अनुतोष नहीं चाहा गया है। उक्त अशुद्धि का पता प्रार्थी को अभी हाल में बैक ऋण के लिए राजस्व रेकर्ड की नकल ली तब पूर्ण रूप से पता चला तब प्रार्थना पत्र नाम शुद्धि हेतु प्रस्तुत हैं। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर श्रीमान् से निवेदन हैं कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थी व अप्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी व कब्जा सुदा भूमि पीपासर नगर में खसरा नम्बर 194 रकबा 4 बिस्वा गै.मु. ढाणी, खसरा नम्बर 195 रकबा 36 बीघा 14 बिस्वा, खसरा नम्बर 201/5 रकबा 11 बिस्वा, खसरा नम्बर 218 रकबा 106 बीघा 7 बिस्वा, खसरा नम्बर 231/1 रकबा 16 बीघा 10 बिस्वा व ग्राम भीमसागर में खसरा नम्बर 351/2 रकबा 22 बीघा 01 बिस्वा में दर्ज सरूपाराम पुत्र घम्मूराम के स्थान पर प्रार्थी का सही नाम रामस्वरूप बिश्नोई पुत्र श्री घम्मूराम दर्ज करने का आदेश सादिर फरमाया जावें। तदनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करवाया जावें।

यह है कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को नोटिस जारी किये गये। अप्रार्थी संख्या 1 से 34 के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही तथा अप्रार्थी संख्या 35 की ओर से जवाब प्रार्थना पत्र पेश किया जिसमें ग्राम पीपासरनगर मूल ग्राम भीमसागर की जमाबन्दी संवत् 2051 से 2054 के खाता संख्या 271, खसरा नम्बर 194, 195 रकबा 36 बीघा 18 बिस्वा, में घमुराम पि. बगताराम दर्ज है। इसी प्रकार खसरा नम्बर 201 व 351 में भी घमुराम पि. बगताराम दर्ज है इसी प्रकार ख.नं. 93, 218 व 231/1 में जमाबन्दी संवत् 2051 से 2054 मे घमुराम पि. बगताराम वगैरा दर्ज है। घमुराम पि. बगताराम फौत होने पर दर्ज नामान्तरकरण संख्या 188 व 189 में घमुराम के स्थान पर भंवरलाल, सरूपाराम पि. घमुराम व रामी बेवा घमुराम दर्ज किया गया। प्रार्थी के [illegible] कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र में प्रार्थी का नाम रामस्वरूप बिश्नोई पि. घम्मुराम दर्ज है। इसलिए राजस्व रिकार्ड में सरूपाराम के स्थान पर रामस्वरूप बिश्नोई पि. घम्मुराम किया जाना उचित है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 11:01:13 IST
Reason: SelfAttested

यह है कि पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया प्रार्थी अधिवक्ता की बहस सुनी गई, बहस पर मनन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।

—::आदेश::—

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर प्रार्थी की संयुक्त खातेदारी भूमि ग्राम पीपासर नगर के खसरा नम्बर 194 रकबा 4 बिस्वा गै.मु. ढाणी, खसरा नम्बर 195 रकबा 36 बीघा 14 बिस्वा, खसरा नम्बर 201/5 रकबा 11 बिस्वा, खसरा नम्बर 218 रकबा 106 बीघा 7 बिस्वा, खसरा नम्बर 231/1 रकबा 16 बीघा 10 बिस्वा व ग्राम भीमसागर में खसरा नम्बर 351/2 रकबा 22 बीघा 01 बिस्वा के राजस्व रेकर्ड में प्रार्थी का नाम सरूपाराम पि. घमुराम के स्थान रामस्वरूप बिश्नोई पि. घम्मुराम दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता है। पालना हेतु तहसीलदार ओसियां को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी, ओसियां

आज दिनांक 2-12-19 को खुला न्यायालय में आदेश सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी, ओसियां

Signature Not Verified

Digitally signed by Ratan Lal Regar
Date: 2021.07.13 11:01:13 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner